ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 25


### बंगाल में दूसरे चरण में 92% वोटिंग के बीच हिंसा

## 7 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा सरकार:असम में BJP, तमिलनाडु में DMK की वापसी; केरल में 10 साल बाद UDF सरकार बनने का अनुमान



**24 न्यूज अपडेट**

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में रिकॉर्ड 91.79% मतदान ने जहां लोकतंत्र की मजबूती का संदेश दिया, वहीं हिंसा, झड़पों और गंभीर आरोपों ने चुनावी माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। 142 सीटों पर हुई वोटिंग के दौरान कई जिलों से मारपीट, लाठीचार्ज और EVM गड़बड़ी की घटनाएं सामने आईं, जिसने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए। सबसे तीखी तस्वीर नॉर्थ 24 परगना के अरविंद इलाके से सामने आई, जहां बूथ नंबर 120 पर तृणमूल कांग्रेस (TMC) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठियों और मुक्कों से हमला किया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद हालात काबू से बाहर नजर आए। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि CRPF की कार्रवाई में हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे, जहां केंद्रीय बलों ने कथित रूप से मारपीट की, जिसके बाद उनकी अस्पताल में मौत हो गई। राजनीतिक बयानबाजी भी चरम पर रही। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बल "मोदी-शाह के एजेंट" की तरह काम कर रहे हैं और बूथ कैप्चरिंग तक के आरोप लगाए। दूसरी ओर, सुवेंदु अधिकारी को भवानीपुर में विरोध का सामना करना पड़ा, जहां TMC समर्थकों ने 'गो बैक' और 'चोर-चोर' के नारे लगाए।

तकनीकी गड़बड़ियों के आरोप भी सामने आए। भाजपा ने डायमंड हार्बर के फालता इलाके में EVM के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया, जहां कथित तौर पर BJP का बटन टेप से ब्लॉक किया गया। वहीं पानीहाटी में EVM पर इंक के निशान की शिकायत मिली, जिसे बाद में साफ किया गया।

इन घटनाओं के बीच चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि जहां भी शिकायतें सही पाई जाएंगी, वहां पुनर्मतदान कराया जाएगा। साथ ही 4 मई को नतीजों के बाद भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 700 कंपनियों की केंद्रीय बलों की तैनाती का फैसला किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जिन 142 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से 123 सीटें 2021 में TMC के पास थीं। ऐसे में इस चरण का परिणाम सत्ता संतुलन तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

**एग्जिट पोल क्या दिखा रहे तस्वीर**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल्स ने इस बार बेहद दिलचस्प और टक्करभरी तस्वीर पेश की है। कुल 294 सीटों वाले इस राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 है, और विभिन्न एजेंसियों के सर्वे में सत्ताधारी टीएमसी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है। अधिकांश एग्जिट पोल्स में भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है, जबकि कुछ एजेंसियां टीएमसी की वापसी का दावा भी कर रही हैं।

मैट्रिज के एग्जिट पोल में भाजपा को 146-161 सीटें और टीएमसी को 125-140 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य स्ट्रेटीज ने भी भाजपा को 150-160 सीटों के साथ आगे दिखाया है, जबकि टीएमसी को 130-140 सीटें दी हैं। पोल डायरी और पी मार्क के आंकड़े भी भाजपा को बढ़त देते नजर आते हैं, जहां भाजपा 142 से 175 सीटों के बीच रह सकती है। हालांकि, तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं है। पीपुल्स पल्स ने टीएमसी को 177-187 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत दिया है, वहीं जनमत पोल्स ने भी टीएमसी को 195-205 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में दिखाया है। दूसरी ओर प्रजा पोल भाजपा को 178-208 सीटों तक पहुंचा रहा है, जो उसे भारी बहुमत दिलाता है। अगर सभी प्रमुख एग्जिट पोल्स का औसत देखा जाए, तो भाजपा को लगभग 145 सीटें और टीएमसी को 142 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि अन्य के खाते में करीब 7 सीटें जा सकती हैं। यह औसत साफ संकेत देता है कि मुकाबला बेहद करीबी है और अंतिम नतीजे किसी भी दिशा में जा सकते हैं।

## राजस्थान में बदला मौसम: बारिश-ओलों से राहत, अंधड़ बना आफत; चूरू में करंट से पिता-पुत्र की मौत

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। राजस्थान में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में जहां बारिश दर्ज की गई, वहीं बालोतरा, कोटा, अलवर और दौसा में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश के कई शहरों में तापमान में करीब 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई, जिससे आंशिक राहत तो मिली, लेकिन दिन के समय तेज धूप और उमस अभी भी लोगों को परेशान कर रही है।

**अंधड़ बना जानलेवा: चूरू में बड़ा हादसा**

चूरू जिले के बीदासर कस्बे के रुपेली गांव में अंधड़ के कारण बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा के चलते बिजली का तार टूटकर एक मकान की छत पर गिर गया। बुधवार सुबह जब घर के सदस्य कपड़े सुखा रहे थे, उसी दौरान तार में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आने से पोकरमल (53) और उनके बेटे पंकज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी चुन्नी देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई।

**धौलपुर में ट्रेन कोच में लगी आग**

धौलपुर रेलवे स्टेशन पर एक और घटना सामने आई, जहां दुर्ग से लुधियाना जा रही ट्रेन (15549) के जनरल कोच के निचले हिस्से में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के कारण ब्रेक पैडल सिस्टम में आग लगी। हालांकि रेलवे स्टाफ की तत्परता से कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**जयपुर समेत कई शहरों में बारिश, बदला**

**मौसम का मिजाज**

राजधानी जयपुर में सुबह-सुबह तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। रात से ही बादल छाए



रहने के कारण तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इसी तरह अलवर, दौसा, कोटा और बालोतरा के कई इलाकों में भी बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई। अलवर के ग्रामीण क्षेत्रों में ओलों की चादर बिछी नजर आई, वहीं कोटा के शहरी इलाकों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

**अजमेर में जारी लू का असर**

हालांकि अजमेर सहित कुछ जिलों में अभी भी भीषण गर्मी और लू का असर बना हुआ है। यहां दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग दोपहर में घरों से निकलने से बच रहे हैं, जिससे दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों के काम पर भी असर पड़ा है।

**पर्यटन और जनजीवन पर असर**

जयपुर में बढ़ती गर्मी का असर पर्यटन पर भी देखने को मिल रहा है। आमेर क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। पर्यटक वाहनों के संचालक खाली बैठे नजर आए, वहीं सड़कें भी अपेक्षाकृत सूनी दिखाई दीं।

**आगे कैसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम का यह मिला-जुला मिजाज बना रहेगा। दिन में तेज धूप के साथ तापमान बढ़ेगा, जबकि दोपहर बाद 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव का असर जारी रह सकता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में तापमान में 1 से 2 डिग्री तक और गिरावट आ सकती है।

## आसाराम की अंतरिम जमानत 25 मई तक बढ़ी, मेडिकल आधार पर हाईकोर्ट का फैसला



**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वयंभू संत आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए 25 मई 2026 तक कर दी है। उनकी जमानत अवधि 6 मई को समाप्त होने वाली थी, जिसे मेडिकल आधार पर आगे बढ़ाने का आदेश दिया गया। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और न्यायाधीश संगीता शर्मा की खंडपीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने आसाराम के स्वास्थ्य और चल रहे उपचार को देखते हुए यह राहत प्रदान की। सुनवाई के दौरान आसाराम की ओर से अधिवक्ता यशपाल राजपुरोहित ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद हाईकोर्ट उनकी अपील पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख चुका है, लेकिन अभी उनका इलाज जारी है। ऐसे में उपचार पूरा होने तक जमानत अवधि बढ़ाना आवश्यक है। गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर 2025 को भी आसाराम को मेडिकल आधार पर जमानत दी थी। उस समय खंडपीठ में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा शामिल थीं। अदालत ने उस दौरान 6 महीने की जमानत मंजूर की थी, जिसकी अवधि 6 मई 2026 को समाप्त हो रही थी। आसाराम वर्ष 2018 से नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। करीब 12 साल जेल में बिताने के बाद उसे पहली बार 7 जनवरी 2025 को मेडिकल कारणों के चलते अंतरिम जमानत मिली थी। पिछली सुनवाई में आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पैरवी की थी, जबकि राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने पक्ष रखा। वहीं, पीड़िता की ओर से अधिवक्ता पीसी सोलंकी ने कोर्ट में दलीलें पेश की थीं।

## दिल्ली हाईकोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में अश्लील वीडियो चला, कार्यवाही बीच में रोकी गई



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वर्चुअल सुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब कार्यवाही के बीच स्क्रीन पर अचानक अश्लील वीडियो चलने लगा। घटना दोपहर करीब 12:56 बजे की है, जब देवेंद्र कुमार उपाध्याय और तेजस खरिया की बेंच सुनवाई कर रही थी। वीडियो चलने के तुरंत बाद कोर्ट की कार्यवाही रोक दी गई। कुछ मिनट बाद सुनवाई दोबारा शुरू की गई, लेकिन फिर से अश्लील वीडियो चलने लगा। इसके बाद कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से बंद करना पड़ा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वर्चुअल सुनवाई में बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए थे। इनमें शामिल क्षितिजीत सिंह नामक व्यक्ति ने दावा किया कि उसका लॉगिन अकाउंट अमेरिका से हैक कर लिया गया था और उसे इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। स्क्रीन पर "आपका सिस्टम हैक हो गया है" का मैसेज भी दिखाई दिया। दो बार अश्लील वीडियो और तीसरी बार म्यूजिक वीडियो चलने की बात सामने आई है। मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को सौंप दी गई है, जो पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने रजिस्ट्रार जनरल को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग करना नियमों के विरुद्ध है और यदि किसी ने ऐसा किया है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्चुअल सुनवाई के दौरान इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, जिससे अदालत की गरिमा प्रभावित होती है।

## आज सोना-चांदी के दाम में गिरावट:चांदी 241 गिरकर 2.39 लाख किलो पर आई, 10 ग्राम सोना 1.48 लाख का हुआ



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 29 अप्रैल को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 809 रुपए घटकर 1,47,973 रुपए पर आ गया है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 1,48,782 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं एक किलो चांदी 241 रुपए गिरकर 2,36,300 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 28 अप्रैल को इसकी कीमत 2,36,541 लाख रुपए प्रति किलो थी।

## सेंसेक्स 609 अंक बढ़कर 77,496 पर बंद:निफ्टी भी 182 अंक चढ़ा, ऑटो और FMCG शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही




**24 न्यूज अपडेट**

शेयर बाजार में आज यानी 29 अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 609 अंक (0.79%) की तेजी के साथ 77,496 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 182 अंक (0.76%) की तेजी रही, ये 24,178 पर बंद हुआ। आज ऑटो, IT, रियल्टी और FMCG शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

एक्सपर्ट्स के अनुसार UAE के तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और ओपेक+ से बाहर निकलने की घोषणा का बाजार पर पॉजिटिव असर दिखा है। इससे ओपेक की कच्चे तेल की कीमतों पर नियंत्रण करने की ताकत कमजोर होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें गिर सकती हैं, जिसका सीधा फायदा भारत जैसे बड़े आयातक देशों को होगा।

## मई में 17% तक महंगी हो सकती है सिगरेट:इस खबर के बाद ITC और गॉडफ्रे फिलिप्स के शेयर 7% तक चढ़े




**24 न्यूज अपडेट**

देश में अगले महीने से सिगरेट पीना महंगा हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख सिगरेट कंपनियां ITC और गॉडफ्रे फिलिप्स मई में कीमतों में 17% तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं।

इस खबर के बाद सोमवार यानी 29 अप्रैल को इन कंपनियों के शेयरों में 6.5% तक की तेजी दर्ज की गई।

**मई में 20 तक बढ़ सकते हैं दाम**

डिस्ट्रीब्यूटर्स के फीडबैक और चैनल चेक के आधार पर आई एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में कहा गया है कि कीमतों में बदलाव केवल प्रीमियम प्रोडक्ट्स तक सीमित नहीं रहेगा। कंपनियां वैल्यू-एंड ब्रांड्स (सस्ते सिगरेट) के दामों में भी इजाफा कर सकती हैं। उदाहरण के लिए ITC की गोल्डफ्लेक प्रीमियम के एक पैकेट की कीमत मई 2026 में 115 से बढ़कर 135 के करीब पहुंच सकती है। 29 अप्रैल को ITC का शेयर करीब 4% और गॉडफ्रे फिलिप्स का शेयर 7% की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी FMCG इंडेक्स में भी 2% की तेजी देखी गई, जिसमें ITC सबसे आगे रहा।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर के मुताबिक, सिगरेट कंपनियों के पास कीमतों को कंट्रोल करने की अच्छी ताकत है। इससे टैक्स बढ़ने के बावजूद वे अपना मुनाफा बचाने में सफल रहती हैं।


## संपादकीय : जिद का खमियाजा

ईरान और अमेरिका के बीच पहले युद्धविराम, फिर शांति वार्ता की शुरुआत के बाद यह उम्मीद जगी कि अब शायद होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुल जाए। यह मुख्य बिंदु केवल संबंधित दोनों पक्षों के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए बेहद अहम है, जिसके सुलझने की संभावना एक बार फिर कमजोर हो गई है। दरअसल, इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद प्रतिक्रिया के तौर पर ईरान ने होज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद से अब तक उस रास्ते से सिर्फ चीन और कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों के ही गुजरने की खबर है। ऐसे में भारत सहित कई देशों को इस बात से निराशा ही हुई है कि एक ओर ईरान हो के रास्ते को खोलने को तैयार नहीं, वहीं अमेरिका ने अपना आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए उस इलाके की नाकेबंदी की घोषणा कर दी, जिससे हालात और जटिल हो गए। अब ईरान ने भी एक तरह की जिद पकड़ ली है और अपनी शर्तें दोहराई हैं कि जब तक अमेरिका अपनी नाकेबंदी नहीं हटाएगा, तब तक यह रास्ता बाधित रहेगा। उधर अमेरिका इस जिद पर अड़ा हुआ है कि जब तक ईरान इस रास्ते को खोलने की ओर कदम नहीं बढ़ाता, तब तक नाकेबंदी जारी रहेगी। सवाल है कि अगर दोनों पक्ष अपनी-अपनी जिद को लेकर इसी तरह अड़े रहे, तो युद्ध की शुरुआत के बाद अब तक इसे विराम देने और फिर एक विफल वार्ता के बावजूद शांति के लिए जो कवायद चल रही है, क्या उनके किसी नतीजे पर पहुंचने की संभावना बन सकती है। बल्कि यह एक विचित्र स्थिति है कि फिलहाल ईरान और अमेरिका युद्धविराम के तहत एक-दूसरे पर हमले नहीं कर रहे हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग सहित मध्य-पूर्व के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति अब भी बाधित है। नतीजतन, बहुत सारे देशों में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, तेल भंडार खत्म हो रहे हैं, महंगाई चरम पर है और रसोई गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। यानी दोनों पक्षों के इस टकराव और खींचतान का बड़ा खमियाजा वैसे देश उठा रहे हैं, जो इस युद्ध में किसी भी पक्ष की ओर से शामिल नहीं हैं। क्या यह अमेरिका और ईरान के लिए सोचने का बिंदु नहीं होना चाहिए कि उनके अड़ियल रवैये की वजह से दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुस्तरीय संकट का सामना करने पर मजबूर है ? गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग को दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक ठिकानों में से एक माना जाता है। वैश्विक स्तर पर समुद्र के रास्ते होने वाले तेल के कारोबार का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा अकेले इसी संकरे मार्ग से गुजरता है। वहां ईरान मजबूत स्थिति में है अमेरिका के साथ शांति के लिए आयोजित वार्ता से पहले ही होर्मुज के रास्ते को खोलने के लिए ईरान ने सहमति दे दी थी। मगर युद्धविराम की स्थिति के बावजूद जब इजराइल ने लेबनान पर हमले जारी रखे, तब ईरान ने फिर से वहां की आवाजाही बाधित कर दी। अमेरिका और इजराइल सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध को खत्म करने के मकसद से दबाव बनाने के लिहाज से घेमु जलमार्ग को बंद करना ईरान के लिए रणनीतिक तौर पर जरूरी हो सकता है। उधर अमेरिका की ओर से आए दिन नई धमकियां हालात की जटिलता को और ज्यादा बढ़ा रही हैं। यही स्थिति बनी रही, तो न युद्धविराम का कोई असर होगा और न ही शांति वार्ता की कोशिशें आगे बढ़ेंगी। मगर सवाल है कि इस सबका हासिल क्या होगा ?

## सुरक्षा की उपेक्षा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हों या फिर जनगणना जैसे विशेष अभियान, इनका जिम्मा शिक्षकों तथा अन्य विभागीय कर्मियों को दिया जाता है। उन्हें बिना किसी त्रुटि या हड़बड़ी पूरी सटीकता के साथ इस कार्य को अंजाम देना होता है। मगर इस दौरान उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इस पर शायद ही सरकार और प्रशासनिक स्तर पर पहले कोई चर्चा होती हो या कोई समाधान तलाशने की कोशिश की जाती हो। यानी परिस्थिति जो भी हो, इन कर्मियों को हर हाल में काम पूरा करना होता है। ऐसे में कई बार काम का बोझ या चुनौतीपूर्ण हालात न केवल शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों को बढ़ा देते हैं, बल्कि संबंधित कर्मी की जान तक चली जाती है। ओड़ीशा में ऐसे ही दो स्कूली शिक्षकों की लू लगने से मौत हो गई, जिन्हें जनगणना के कार्य में नियुक्त किया गया था। खबरों के मुताबिक, अलग-अलग घटनाओं में जब ये शिक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने के बाद स्कूल लौटे, तो बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तैनात कई खंड स्तरीय अधिकारियों की मृत्यु हो जाने की खबरें आई थीं। पीड़ित पक्षों का दावा था कि काम का अत्यधिक बोझ और मानसिक परेशानी मौत का कारण बना, हालांकि अधिकांश मामलों में आधिकारिक स्तर पर व्यक्तिगत समस्या का ही हवाला दिया गया। चुनाव के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। अब देश में जनगणना का कार्य शुरू हुआ है और अभी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं। अगर शिक्षकों की बात की जाए, तो लंबे समय से यह मांग की जाती रही है कि उनकी जिम्मेदारी को शिक्षण कार्य तक ही सीमित रखा जाए, क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। सवाल है कि इस तरह के विशेष सरकारी अभियानों में तैनात किए जाने वाले कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी है? शासन-प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से ध्यान देना होगा कि ऐसे कर्मियों को पेश आने वाली परेशानियों का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि उनकी जान को किसी तरह का खतरा न हो।

# साले ने जीजा का अपहरण कर जंगल में पत्थर से कुचलकर हत्या की



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। जिले के आदिवासी क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बहन की मौत के शक में साले ने अपने ही जीजा की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले जीजा का अपहरण किया और फिर उसे करीब 15 किलोमीटर दूर जंगल में ले जाकर पत्थरों से सिर कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना ओगणा थाना क्षेत्र के अंबावी उपरेटा गांव की है, जहां बुधवार सुबह यह वारदात सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया।

### बहन की मौत बनी हत्या की वजह

जानकारी के अनुसार, चोखला बारा निवासी 25 वर्षीय पारू की 24 अप्रैल को तबीयत बिगड़ने पर पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में उदयपुर रेफर किया गया, जहां 27 अप्रैल की देर रात उसकी मौत हो गई। इसके बाद पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का संदेह जताया।मंगलवार को मृतका के परिजन बड़ी संख्या में ससुराल पहुंचे और घर में तोड़फोड़ की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मौके पर मौजूद रही, लेकिन कार्रवाई के बजाय केवल वीडियो रिकॉर्डिंग करती रही। बताया जा रहा है कि मृतका का भाई करण बुधवार सुबह साथियों के साथ चोखला बारा पहुंचा और पिंटूलाल (28) का अपहरण कर लिया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोपी उसे अंबावी उपरेटा के जंगल में ले गए और पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या कर दी।पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, आरोपी फरार हो चुके थे। जंगल से युवक का शव बरामद किया गया है।घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। डीएसपी विवेक सिंह राव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।ग्रामीणों के अनुसार, मृतक पिंटूलाल के पिता की करीब डेढ़ महीने पहले और मां की एक वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। वह अपने छोटे भाई-बहनों का एकमात्र सहारा था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था।

# आर्ट्स कॉलेज में 'आक्रामक' गिलहरी का आतंक, एक महीने में 18 से अधिक लोग घायल



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज परिसर में इन दिनों एक आक्रामक गिलहरी ने दहशत फैला रखी है। पिछले करीब एक महीने में यह गिलहरी 18 से अधिक छात्रों और स्टाफ पर हमला कर चुकी है, जिससे कैंपस में भय का माहौल बना हुआ है। हालत यह है कि छात्र अब खुले मैदान में बैठने से भी कतराने लगे हैं और समूह में ही आना-जाना पसंद कर रहे हैं। गिलहरी दिनभर कॉलेज परिसर में घूमती रहती है और अचानक लोगों पर झपट्टा मारकर काट लेती है।

स्टाफ और छात्रों में दहशत

कॉलेज के कर्मचारी ने मीडिया को बताया कि गिलहरी कई बार अचानक हमला कर चुकी है। 22 अप्रैल को दो रिसर्च स्कॉलर्स को काटने की घटना सामने आई थी, जबकि अगले दिन यह उनके ऑफिस में पर्दे के पीछे छिपी मिली और उन पर भी झपटने का प्रयास किया। छात्रों का कहना है कि यह गिलहरी विशेष रूप से साइकोलॉजी और वुमेन स्टडीज विभाग के आसपास ज्यादा दिखाई देती है और लोगों का पीछा कर हमला करती है। कई मामलों में घायलों को डॉक्टर की सलाह पर रेबीज के टीके लगवाने पड़े हैं।


रेस्क्यू टीम भी रही नाकाम

कॉलेज प्रशासन द्वारा सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम को बुलाया गया, लेकिन गिलहरी को पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी। आर्ट्स कॉलेज के डीन प्रो. मदन सिंह राठौड़ ने बताया कि गिलहरी काफी फुर्तीली और आक्रामक है, जिसे पकड़ना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। जल्द ही फिर से रेस्क्यू टीम को बुलाया जाएगा।

### विशेषज्ञों की राय

गिलहरी आमतौर पर हमला नहीं करती। अत्यधिक गर्मी, भूख या किसी प्रकार के मानसिक असंतुलन के कारण उसका व्यवहार आक्रामक हो सकता है। ऐसे मामलों में सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करना जरूरी होता है, हालांकि गिलहरी को पकड़ना आसान नहीं होता। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों और स्टाफ को सतर्क रहने की सलाह दी है, जबकि गिलहरी को पकड़ने के लिए दोबारा प्रयास किए जाने की तैयारी की जा रही है।

# राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई नताशा मीना, सेंट एंथोनीज़ स्कूल में खुशी की लहर



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। सेंट एंथोनीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी नताशा मीना का राष्ट्रीय स्तर (नेशनल स्कूल प्रतियोगिता) के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। नताशा की इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य विलियम डीसूजा ने नताशा को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नताशा राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। कोच तारिक खान ने बताया कि नताशा ने निरंतर अभ्यास और मजबूत खेल कौशल के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि टीम और कोचिंग स्टाफ को उस पर गर्व है। मीडिया मैनेजर विकास साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि नताशा का चयन स्कूल और जिले के लिए गौरव की बात है और इससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं साथियों ने नताशा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# भीषण गर्मी के बीच जगदीश मंदिर में ठाकुरजी के लिए विशेष जतन, फव्वारों से दी जा रही शीतलता



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर में तेज गर्मी का असर अब धार्मिक स्थलों तक भी पहुंच गया है। पिछले दो दिनों की तुलना में तापमान में भले ही हल्की गिरावट दर्ज हुई हो, लेकिन दिन में पड़ रही तीखी धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें कम नहीं की हैं। ऐसे में जगदीश मंदिर में भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर प्रशासन ने गर्भगृह के समीप फव्वारे (फाउंटेन) शुरू कर दिए हैं, जिससे वातावरण में ठंडक बनी रहे और ठाकुरजी को गर्मी से राहत मिल सके। मंदिर के पुजारी भावेश ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रभु की सेवा में विशेष ध्यान रखा जा रहा है और जल सेवा के माध्यम से शीतलता बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर में ग्रीन शेड लगाए गए हैं और पैदल मार्गों पर कारपेट बिछाए गए हैं, ताकि नंगे पैर आने वाले भक्तों को गर्म फर्श से राहत मिल सके।

# भीषण गर्मी में स्कूल परिसर में लगाए परिंडे- स्कूली बच्चों ने रोज पानी भरने की ली जिम्मेदारी



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 29 अप्रैल। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतगढ़ में बुधवार को परिंडे लगाए गए। साथ ही आसपास के सरकारी स्कूलों में कुल 50 परिंडे वितरित किये गए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेरणा नौशल्या के नेतृत्व में स्कूल परिसर में स्टाफ के साथ ही भारत स्काउट एंड गाइड की टीम और स्कूल के छात्र छात्राओं ने परिंडे लगाए। स्कूल लेक्चरर डॉ. संजू त्रिपाठी ने बताया कि स्कूली बच्चों ने पहल करते हुए परिंडों में नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली। सीबीईओ ने राजस्थान समाज सेवा संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। परिंडा अभियान के दौरान स्काउट एंड गाइड सीईओ सुनील कुमार सोनी, अभिलाषा मिश्रा, प्रधानाचार्य बिंदु धींग, अनिता शर्मा व कैलाश पालीवाल भी मौजूद रहे। संस्थान की तरफ से गोगुंदा ब्लॉक के जसवंतगढ़ के आसपास के सरकारी स्कूलों सहित परिंडे वितरित भी किए गए। संस्थान के संरक्षक दिनेश कोठारी ने बताया कि संस्थान की तरफ से स्कूलों, सार्वजनिक पार्कों में परिंडे लगाने के साथ ही आमजन को निशुल्क परिंडे वितरित किए जा रहे हैं।

# 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत छापेमारी, सड़े आम व मिलावटी पेय जब्त



**24 न्यूज़ अपडेट**

बांसवाड़ा। राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कई खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश तथा सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने शहर के बस स्टैंड और रतलाम रोड स्थित दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में सड़े हुए आम और मिलावटी पेय पदार्थ बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान नया बस स्टैंड स्थित अरविंद जूस सेंटर पर गंभीर लापरवाही सामने आई। यहां प्लास्टिक टंकियों में करीब 25 किलो सड़े हुए आम पाए गए, जिनका उपयोग जूस बनाने में किया जा रहा था। मौके से 22 लीटर तैयार आम रस भी जब्त किया गया, जिसमें कृत्रिम रंगों की अधिक मात्रा पाई गई। जन स्वास्थ्य को खतरे में देखते हुए पूरी सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। अभियान के तहत अबीज फ्रूट एंड जूस सेंटर से आम रस का सैंपल लिया गया और साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। नया बस स्टैंड स्थित पूर्णिमा किराना एवं जनरल स्टोर से पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कोल्ड ड्रिंक (स्प्राइट—लेमन फ्लेवर) का सैंपल लिया गया। वहीं कॉलेज रोड स्थित श्याम किराना स्टोर से जुड़े एक टेम्पो में 'HYCOOL' ब्रांड का पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर मिसब्रांड पाया गया। टीम ने संबंधित गोदाम पर पहुंचकर इसके सैंपल जांच के लिए भेजे। इसके अलावा दो डेयरियों से भी दूध के सैंपल लिए गए, जिनमें कालिका माता मंदिर के सामने स्थित काली कल्याण दूध डेयरी और पृथ्वीगंज, बांसवाड़ा स्थित श्री कृष्णा दूध डेयरी शामिल हैं।

# शिल्पग्राम में 3 मई को होगा नाटक 'माधव' का मंचन

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 29 अप्रैल। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' के अंतर्गत रविवार 3 मई को 'माधव' नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत कारवां थिएटर ग्रुप मुंबई द्वारा माधव नाटक का मंचन रविवार 3 मई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक कुलविंदर बख्शीश सिंह एवं लेखक आशुतोष द्विवेदी है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# केबिन का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर शहर के हाथीपोल थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे में एक केबिन का ताला तोड़कर नकदी और सामान पार कर दिया। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार मधुबन क्षेत्र निवासी सत्यनारायण वैष्णव (62) ने शिकायत दी कि उनकी केबिन का ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए। बदमाश वहां से करीब 60 हजार रुपए का सामान और 50 हजार रुपए नकद ले गए। कुल मिलाकर लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए की चोरी की गई है। घटना 28 अप्रैल की बताई जा रही है, हालांकि सटीक समय का उल्लेख नहीं हो पाया है। सूचना मिलने पर हाथीपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी श्रीमती राजु देवी राज ने मामले की जांच हेड कांस्टेबल जगदीश कुमार को सौंपी है।

# महिला से मारपीट का मामला दर्ज, दंपती पर आरोप

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले के नाई थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नयागुडा निवासी लीला (48) पत्नी खेमराज ने शिकायत दी कि 27 अप्रैल रात करीब 10 बजे आरोपी दिता पुत्र धन्ना और उसकी पत्नी रामुड़ी ने उसके साथ लाठी से मारपीट की। घटना में महिला को चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी संजय सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

# साइबर अपराध का मामला दर्ज, युवक सहित अन्य पर आरोप

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर-4 हिरणमगरी निवासी राजकुमार (31) पुत्र प्रभातीलाल जाट ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों द्वारा उनके साथ साइबर अपराध किया गया। मामले में पुलिस ने दीपक पिला (21) निवासी आदर्श नगर, गायरियावास रोड, हिरणमगरी सहित एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 316(2) व 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी हेड कांस्टेबल राजेन्द्र को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की गतिविधियों और साइबर माध्यम से किए गए अपराध की गहनता से जांच कर रही है।

# उदयपुर में कंपनी पर वेतन नहीं देने का आरोप, प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी द्वारा कर्मचारियों का वेतन रोकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जयपुर के मालवीय नगर निवासी राहुल गुप्ता पुत्र विजय बहादुर ने रिपोर्ट दी कि रीको एरिया स्थित एवीआईएएस पिनकोर्ड प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इससे कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। आरोपी नरेश सैनी को बनाया गया है। शिकायत में बताया गया कि यह स्थिति 1 जनवरी 2026 से बनी हुई है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और 316(2) के तहत कंपनी प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच सुनील कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोटड़ा में बिजली निगम के 7 ट्रांसफॉर्मरों से तेल व कॉइल चोरी, मामला दर्ज

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में बिजली निगम के ट्रांसफॉर्मरों से चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने ट्रांसफॉर्मरों को नुकसान पहुंचाकर उसमें से तेल और वाइंडिंग निकाल ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार एवीवीएनएल (AV-VNL) कोटड़ा में सहायक अभियंता सुनील भगोरा (31) पुत्र लक्ष्मण लाल भगोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपियों ने निगम के अधीन रखे कुल 7 ट्रांसफॉर्मरों को निशाना बनाते हुए उनसे ऑयल और वाइंडिंग चोरी कर ली। घटना 27 अप्रैल की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत केस दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी सरदार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है।

# इंस्टेंट लोन ऐप्स के जाल से सावधानः साइबर ठग बना रहे आमजन को निशाना




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 29 अप्रैल। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, एसएमएस और मोबाइल ऐप्स के जरिए फैल रहे "Instant Loan" और तथाकथित "Chinese Loan App" फ्रॉड से सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी कम समय में बिना केवाईसी और बिना दस्तावेज के तुरंत लोन देने का झांसा देकर लोगों की निजी और वित्तीय जानकारी चुराकर आर्थिक व मानसिक शोषण कर रहे हैं।

एडवाइजरी में बताया गया है कि वर्तमान समय में साइबर ठग सोशल मीडिया विज्ञापनों, एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज और मोबाइल ऐप्स के जरिए लोगों को "कम ब्याज", "बिना डॉक्यूमेंट" और "5 मिनट में अकाउंट में पैसा" जैसे आकर्षक ऑफर देकर फंसाते हैं।

जैसे ही व्यक्ति ऐसे ऐप डाउनलोड करता है, ऐप उससे कॉन्टैक्ट लिस्ट, एसएमएस, गैलरी, माइक्रोफोन और लोकेशन जैसी कई संवेदनशील परमिशन मांगता है। अनजाने में अनुमति देने के बाद व्यक्ति के मोबाइल का पूरा डेटा अपराधियों के सर्वर तक पहुंच सकता है। यहां तक कि ऐप हटाने के बाद भी उसका डेटा उनके पास सुरक्षित रहता है।

ऐसे ऐप्स आमतौर पर सिबिल स्कोर या बैंकिंग प्रक्रिया की जांच नहीं करते। वे केवल यह देखते हैं कि मोबाइल में कितने संपर्क नंबर और कितनी निजी जानकारी मौजूद है, ताकि बाद में व्यक्ति पर दबाव बनाया जा सके।

शुरुआत में 3,000 से 5,000 रुपये तक की छोटी राशि देकर कुछ ही दिनों में मोटा ब्याज जोड़कर 8,000 रुपये या उससे अधिक वसूला जाता है। भुगतान न करने पर अपराधी पीड़ित की निजी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें अश्लील रूप में बदलकर परिवार और दोस्तों को भेजने की धमकी देते हैं। कई मामलों में रिश्तेदारों और ऑफिस के लोगों को कॉल कर बदनाम करने का भी प्रयास किया जाता है, जिससे पीड़ित मानसिक तनाव में आ सकता है।

## सुरक्षित रहने के गोल्डन रूल्स

RBI की जांचः केवल उन्हीं ऐप्स से लोन लें जो RBI द्वारा रजिस्टर्ड NBFC या बैंकों से अधिकृत हों।

परमिशन पर नजरः यदि कोई लोन ऐप आपकी "Photos" या "Contact List" का एक्सेस मांगता है, तो समझ लें कि वह फर्जी है। लोन के लिए इन जानकारियों की आवश्यकता नहीं होती।

रिव्यूज की जांचः ऐप डाउनलोड करने से पहले 'Critical Reviews' जरूर पढ़ें। रेटिंग्स पर भरोसा न करें, वे अक्सर खरीदी हुई (Fake) होती हैं।

एडवांस पेमेंट से बचेंः कोई भी असली बैंक लोन अप्रूवल से पहले 'प्रोसेसिंग फीस' के नाम पर पैसे नहीं मांगता।

यदि आप या आपका कोई परिचित ऐसी किसी ठगी का शिकार होता है, तो घबराएं नहीं। तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर हेल्पडेस्क 9256001930/ 9257510100, ऑनलाइन पोर्टल www.cybercrime.gov.in और अपने पास के पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन में सूचना दें।

# म्यूल अकाउंट गिरोह पर हिरणमगरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त म्यूल बैंक खातों के खिलाफ पुलिस थाना हिरणमगरी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान प्रकोष्ठ) श्री रामेश्वर परिहार तथा वृताधिकारी नगर पूर्व श्री सूर्यवीर सिंह राठौड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी श्री रविन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी विश्लेषण व बैंक रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि म्यूल अकाउंट के खाताधारक दीपक (21) निवासी आदर्श नगर, गायरियावास (अभिनन्दन स्कूल के पास) ने "सांवरिया साड़ी" के नाम से खाता खुलवाया था, ताकि बड़े लेनदेन आसानी से हो सकें। उसने खाते से जुड़े दस्तावेज अपने मित्र अभिषेक (24) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-04 (जैन मंदिर के पास) को कमीशन के बदले उपलब्ध कराए। पुलिस ने दोनों को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इस बैंक खाते के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में अब तक 38 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और विस्तृत अनुसंधान जारी है।

**टीम में शामिल अधिकारी/कार्मिकः** श्री रविन्द्र सिंह चारण (थानाधिकारी), श्री भगवतीलाल (हेड कांस्टेबल), श्री राजेन्द्र सिंह (हेड कांस्टेबल), श्री राज कुमार जाखड़ (कांस्टेबल), श्री नंदकिशोर (कांस्टेबल), श्री किरेन्द्र सिंह (कांस्टेबल) एवं श्री लोकेश रायकवाल (कांस्टेबल, साइबर सेल उदयपुर)।

# पानरवा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः युवक की हत्या के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। राजस्थान पुलिस के पानरवा थाना क्षेत्र में लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा व वृताधिकारी कोटड़ा डुंगरसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सबीर खान के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराओं 115(2), 126(2), 3(5) व 103(1) के तहत अपराध प्रमाणित पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

## गिरफ्तार आरोपी

रोहित पिता हकरा (20), गुलाबचंद पिता हकरा (26), हकरा पिता हलु (45) और रामा पिता हलु (49), सभी निवासी बहीघाटीया, थाना पानरवा, जिला उदयपुर।

## घटना का विस्तृत विवरण (सभी नाम सहित)

प्रार्थी अर्जुनलाल पिता नानालाल निवासी डैया ने रिपोर्ट दी कि 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे रोहित पिता हकरा, गुलाब पिता हकरा, अलपेश पिता हकरा, अनिल पिता रामा, धुलेश्वर पिता चंदू, धर्मचंद्र पिता हलु, वनराज पिता धनचंद, सतीश पिता दिनेश, कमलेश पिता धनजी, विजय पिता लाला, सुनील पिता रामा, सुभाष पिता रामा, अमृतलाल पिता सोमा, रायू पिता सोमा, प्रवीण पिता चंदू सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला किया। हमले में अर्जुनलाल के भाई अल्पेश पिता नानालाल (22) और अजित पिता नानालाल (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान 26 अप्रैल को अल्पेश की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मामले में हत्या की धारा जोड़ी गई।

## पुलिस टीम (सभी सदस्य)

इस कार्रवाई में थानाधिकारी सबीर खान के साथ उप निरीक्षक प्रकाशचंद्र, हेड कांस्टेबल बलवंत सिंह, कांस्टेबल दिलीप कुमार, रामकृष्ण, टिकाराम और किशनाराम शामिल रहे।

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्री मामलाः पूर्व प्रेसिडेंट गिरफ्तार, अब तक 11 आरोपी पकड़े



24 न्यूज़ अपडेट

अजमेर। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी से जुड़े फर्जी डिग्री प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रेसिडेंट कौशल किशोर चन्द्रल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई के नेतृत्व में की गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी कमीशन के आधार पर काम करता था और फर्जी डिग्रियों पर अंतिम हस्ताक्षर भी उसी के होते थे। एसओजी टीम ने उसे जयपुर से हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया, जहां से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी अजमेर के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज बताया जा रहा है। इस मामले में इससे पहले यूनिवर्सिटी के पूर्व डीन ध्वज कीर्ति शर्मा को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक कुल 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पूछताछ के आधार पर नेटवर्क की परतें खुल रही हैं। मामले की शुरुआत राजस्थान लोक सेवा आयोग की शिकायत से हुई थी। आयोग ने बताया था कि स्कूल लेक्चरर (हिंदी) भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित सांचौर क्षेत्र की दो अभ्यर्थियों—ब्रह्मा कुमारी और कमला कुमारी—ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी की डिग्री प्रस्तुत की, जबकि आवेदन में उन्होंने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय से डिग्री होना बताया था। जांच के दौरान दोनों अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि उन्हें एमए की फर्जी डिग्रियां उनके परिजनों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई थीं। इसके बाद एसओजी ने सरकारी शिक्षक दलपत सिंह और डॉ. सुरेश बिश्नोई सहित अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया।




# फतहनगर में दो नाबालिग लड़कियां लापता

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर जिले के फतहनगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग लड़कियों के लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला आवरी माता मंदिर क्षेत्र का है, जहां हेमा कंवर (48) पत्नी श्रवणसिंह निवासी आवरी माता मंदिर, फतहनगर ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग पुत्री 27 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। दूसरा मामला वार्ड नंबर 17 फतहनगर का है, जहां संदीप यादव (38) पुत्र मदनलाल निवासी वार्ड नंबर 17, फतहनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री 28 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे घर से बिना बताए लापता हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी हेड कांस्टेबल कालूलाल को सौंपी गई है।

# पर्यटकों से जबरन शॉपिंग कराने का आरोप, एक आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। हाथीपोल थाना क्षेत्र में पर्यटकों को जबरन शॉपिंग कराने और कमीशन लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल को मोती मगरी गेट क्षेत्र में पर्यटकों को सस्ते दामों पर शहर घुमाने का लालच देकर उन्हें तय दुकानों पर ले जाकर शॉपिंग के लिए मजबूर किया जा रहा था, जिससे आरोपी कमीशन प्राप्त कर रहे थे। इस संबंध में एएसआई मोहम्मद अतहर ने रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में इरशाद अली (30) पुत्र मंशूर अली निवासी फारुख आजम कॉलोनी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व से ही एक अन्य मामले में बंद था। मामले में राजस्थान पर्यटन व्यवसाय अधिनियम 2010 की धारा 13(1) व 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। थानाधिकारी श्रीमती राजु देवी राज के के निर्देश में जांच की जिम्मेदारी लोकेश कुमार नागदा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि पर्यटन स्थलों पर इस तरह की गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखी जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

# उदयपुर में राहगीरों को चाकू दिखाकर धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल रात करीब 10:15 बजे 200 फीट भैरवगढ़ रोड पर एक व्यक्ति हाथ में नंगा चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। मामले में हेड कांस्टेबल जसवंत सिंह (नं. 511) की रिपोर्ट पर फिरोज खान सोनी (42) पुत्र बाबू खान निवासी किशनपोल, रजा नगर, गवर्नमेंट प्रेस कॉलोनी, सूरजपोल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच नारायण सिंह को सौंपी गई है।

# सार्वजनिक स्थान पर सट्टा चलाते युवक गिरफ्तार

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से सट्टा पर्ची काटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल को शाम करीब 4:47 बजे अम्बामाता क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध तरीके से सट्टा पर्ची काटते हुए मिला, जिससे कुछ लोगों को अनुचित लाभ और अन्य को नुकसान हो रहा था। मामले में एएसआई अमजद खान की रिपोर्ट पर शंकर नाथ (28) पुत्र सोम नाथ निवासी बड़गांव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरपीजीओ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# बिना चीरे के मुंह के रास्ते किया थॉयराइड का सफल ऑपरेशन

## तकनीक से मिली मरीजों को राहत; अब गले पर नहीं रहेगा ऑपरेशन का कोई निशान



24 न्यूज अपडेट


उदयपुर, 29 अप्रैल। रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के अधीन संचालित महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के नाक, कान एवं गला विभाग ने दक्षिण राजस्थान के चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। विभाग के विशेषज्ञों ने क्षेत्र में पहली बार बिना किसी बाहरी चीरे के मुंह के रास्ते थॉयराइड ग्रंथि का सफल ऑपरेशन करने में गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है।

### क्या है आधुनिक तकनीक?

विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत माथुर ने बताया कि इस अत्याधुनिक प्रक्रिया को ट्रांसोरल इंडोस्कॉपिक थाइराइडेक्टॉमी वेस्टीबुलर अप्रोच कहा जाता है। इस तकनीक में मरीज के निचले होंठ के अंदरूनी हिस्से से एंडोस्कोप/दूरबीन और सर्जिकल उपकरणों को गले तक पहुँचाया जाता है। एंडोस्कोप की मदद से स्क्रीन पर देखते हुए थॉयराइड ग्रंथि को मुंह के रास्ते ही बाहर निकाल लिया जाता है।

### मरीजों के लिए वरदान कॉस्मेसिस और कम दर्द

परंपरागत सर्जरी में गले पर एक



बड़ा चीरा लगाना पड़ता था, जिसका निशान ताउम्र बना रहता था। अत्याधुनिक तकनीक से शरीर के बाहरी हिस्से पर कोई चीरा नहीं लगता, जिससे कॉस्मेसिस (सौंदर्य) बना रहता है। यह एक आधुनिक, स्कारलेस (बिना निशान वाली) थायराइड सर्जरी तकनीक है। इसमें गले पर चीरा लगाने के बजाय,एंडोस्कोप (एक छोटा कैमरा) का उपयोग करके थायराइड ग्रंथि को निकाला जाता है। ऑपरेशन में अत्याधुनिक अल्ट्रासोनिक डिवाइस का प्रयोग किया गया, जिससे खून बहुत कम बहता है। मरीज को दर्द कम होता है और वह जल्द स्वस्थ होकर घर जा सकता है।

### प्रधानाचार्य डॉ. राहुल जैन का कहना

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने पूरी टीम को सराहा और कहा कि दक्षिण राजस्थान में पहली बार इस जटिल तकनीक का सफल प्रयोग हमारे चिकित्सकों की विश्वस्तरीय विशेषज्ञता को दर्शाता है। आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य हमेशा से ही मरीजों को न्यूनतम चीर-फाड़ वाली सर्जरी की उन्नत तकनीकें उपलब्ध कराना रहा है। ई.एन.टी. विभाग द्वारा किए गए ये तीन सफल ऑपरेशन यह साबित करते हैं कि अब सरकारी अस्पतालों में भी ऐसी आधुनिक सुविधाएं पूरी तरह सुलभ हैं, जिनके लिए पहले मरीजों को महानगरों की ओर रुख करना पड़ता था।

### लगातार मिल रही सफलता

ई.एन.टी. विभाग द्वारा अब तक ऐसे तीन सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। पहला ऑपरेशन अक्टूबर 2025 में किया गया था। हाल ही में 18 अप्रैल को 50 वर्षीय महिला का तीसरा सफल ऑपरेशन किया गया, जो अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में ई.एन.टी. विभाग के डॉ. नवनीत माथुर, डॉ. सिद्धार्थ शाह, डॉ. प्रिया एवं डॉ. भरत शामिल थे। एनेस्थेसिया विभाग से डॉ. ललित रैगर एवं डॉ. हेमराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नर्सिंग ऑफिसर ललिता माली, जयंती एवं पल्लवी की सराहनीय सेवा से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# किसान को गिरदावरी सही नहीं मिलने से खरीद केन्द्र पर पूरा गेहूं नहीं बेच पा रहे, दिया ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। किसानों के खेतों में गिरदावरी सही नहीं होने के कारण वे खरीद केन्द्र पर पूरा गेहूं नहीं बेच पा रहे हैं। किसान संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। संघ के जिला प्रवक्ता लल्लुराम बिजोला ने बताया कि रबी सीजन में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा गलियाकोट तहसील के सैकड़ों किसानों के खेतों में गेहूं की फसल होने के बावजूद पूरी फसल गिरदावरी रिपोर्ट में ऑनलाइन दर्ज नहीं की गई। यह बात किसानों को तब पता चली जब उन्होंने सरकारी खरीद केन्द्र गडा जसराजपुर पर गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया। उस समय किसानों को कुल जमीन के आधार पर 40 क्विंटल, 30 क्विंटल, 25 क्विंटल आदि की खरीदी का ऑनलाइन मैसेज मिला, लेकिन खरीद केन्द्र के ऑपरेट सिस्टम में गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार गेहूं की मात्रा तीन, चार, दो क्विंटल ही दिखाई दे रही है। पूर्व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन मैसेज के आधार पर किसान गेहूं लेकर केन्द्र पर पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी खरीद नहीं हो रही और वे परेशान होकर वापस लौट रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि रबी व खरीफ दोनों सीजन में सरकार द्वारा खेतों की गिरदावरी करवाई जाती है, जिसमें अधिकारी को किसान के साथ खेत पर जाकर फसल का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करना होता है, लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी खेतों में जाने के बजाय कार्यालय में बैठकर गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर देते हैं। कई जगह गेहूं की फसल को चना या खाली खेत दर्ज कर दिया जाता है, जिससे किसानों को गेहूं व सोयाबीन की फसल बेचने में परेशानी हो रही है। अधिकारियों की लापरवाही से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार, गलियाकोट से चर्चा कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# चीन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में वागड़ के व्यापारियों की भागीदारी, खोडनिया के नेतृत्व में 35 सदस्यीय दल पहुंचा



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। वागड़ क्षेत्र के व्यापारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए चीन में आयोजित विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक आयोजन में भाग लिया। अठारह हजार दशाहुमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के नेतृत्व में 35 सदस्यीय व्यापारी दल ग्वांगझोउ पहुंचा, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित कैंटन फेयर में हिस्सा लिया। दल के सदस्यों ने मेले में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियों के स्टॉल का अवलोकन कर विभिन्न उत्पादों, तकनीकों और बदलते वैश्विक व्यापारिक ट्रेंड्स की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान व्यापारियों ने आयात-निर्यात के नए अवसरों और आधुनिक बिजनेस मॉडल को समझने का प्रयास किया। समाज के बिजनेस डेवलपमेंट प्रकोष्ठ के दीपेश लालावत एवं आदिश खोड़निया ने बताया कि अध्यक्ष दिनेश खोडनिया की पहल पर युवाओं को नौकरी के बजाय व्यापार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से यह 10 दिवसीय व्यापारिक अध्ययन दौरा आयोजित किया गया है। व्यापारी दल ग्वांगझोउ के होलसेल कपड़ा बाजार, किचन वेयर मार्केट, फोशान के फर्नीचर हब, शेन्ज़ेन के इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट, यीवू के अंतरराष्ट्रीय थोक बाजार और शंघाई के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों का भ्रमण कर रहा है। दल में चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, शिक्षक, अधिवक्ता, बीमा व्यवसायी, छोटे उद्यमी और विदेशों में कार्यरत वागड़वासी भी शामिल हैं, जिससे यह यात्रा बहुआयामी व्यापारिक अनुभव प्रदान कर रही है।

### दल में शामिल प्रमुख सदस्यः

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, शिक्षाविद् एवं प्रधानाचार्य डायालाल पाटीदार, सीए हितेश देवडिया, अनिल जैन (तलवाड़ा), सागवाड़ा से विनीत गलालिया, डूंगरपुर से मुकेश जैन, दीपेश जैन (परतापुर), महिपाल शाह, मयूर जैन आंजना, मुंगाणा से अनिल मेदावत, जसवंत जैन, नितेश जैन, रजत पंचोरी, जिग्नेश चंपावत (धरियावाद), जैनम वगेरिया (पारसोला), प्रवीण पंचोरी, दिलीप दोसी (बागीदौरा), घाटोल से दीपेश लालावत, मयूर मुंगानिया, साबला से कनकमल जैन, राकेश वेडा, पंकज वेडा, शुभम जैन, अहमदाबाद से संजय देवडिया, हितांश देवडिया, मिहिर सरैया, धवल शाह, संदीप पंचाल, सागवाड़ा से रिधम जैन, महल सिंह, निखिल जैन पीठ सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। यह व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल 4 मई को भारत लौटेगा।

# एमबी हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग होगा हाईटेकः दो नई कैथ लैब से मिलेगा त्वरित इलाज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा भूपाल चिकित्सालय (एमबी हॉस्पिटल) के कार्डियोलॉजी विभाग में स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा विस्तार होने जा रहा है। विभाग में जल्द ही दो नई अत्याधुनिक कैथ लैब शुरू की जाएंगी, जिससे हृदय रोगियों को बेहतर और त्वरित उपचार मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार अस्पताल के द्वितीय तल पर नई कैथ लैब का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जहां आधुनिक तकनीक से लैस मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में विभाग में केवल एक कैथ लैब संचालित है, जिसके कारण मरीजों की अधिक संख्या होने पर कई बार उन्हें उपचार के लिए एक से दो दिन तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि उदयपुर संभाग ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में दो नई कैथ लैब शुरू होने के बाद मरीजों को बिना देरी के तुरंत इलाज मिल सकेगा, जिससे गंभीर हृदय रोगियों को राहत मिलेगी। डॉ. शर्मा के अनुसार नई सुविधाओं के शुरू होने से कार्डियोलॉजी विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# दुर्लभ स्पाइनल बीमारी पर उदयपुर के न्यूरोसर्जन का शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

24 न्यूज अपडेट




उदयपुर। शहर के पारस हेल्थ हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं हेड डॉ. अजीत सिंह ने एक अत्यंत दुर्लभ स्पाइनल बीमारी हेमोरैजिक सिनोवियल सिस्ट पर महत्वपूर्ण केस स्टडी प्रस्तुत की है, जिसे प्रतिष्ठित रोमानियन न्यूरोसर्जरी जर्नल में प्रकाशित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा क्षेत्र में अहम मानी जा रही है, बल्कि उदयपुर को अंतरराष्ट्रीय मेडिकल रिसर्च मानचित्र पर भी स्थापित करती है। डॉ. सिंह के अनुसार, हेमोरैजिक सिनोवियल सिस्ट रीढ़ की हड्डी से जुड़ी एक जटिल और दुर्लभ स्थिति है, जो अचानक न्यूरोलॉजिकल गिरावट का कारण बन सकती है। वैश्विक स्तर पर अब तक इसके 50 से भी कम मामले सामने आए हैं, जिससे इस बीमारी पर शोध और वैज्ञानिक जानकारी सीमित रही है। इस केस स्टडी में उन्नत डायग्नोस्टिक तकनीकों, विशेषकर एमआरआई, के माध्यम से बीमारी की सटीक पहचान, लक्षणों और प्रभावी सर्जिकल उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि समय पर निदान और सही उपचार से गंभीर न्यूरोलॉजिकल क्षति को रोका जा सकता है और मरीज की रिकवरी बेहतर हो सकती है। डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि दुर्लभ बीमारियों पर शोध करना चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि इनके मामले बहुत कम सामने आते हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य चिकित्सकों को इस बीमारी की पहचान और उपचार प्रबंधन के लिए उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सके।

# आबकारी आयुक्त की सख्त चेतावनीः लापरवाही पर होगी कार्रवाई, 1 मई से अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी सजग, संवेदनशील और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, तभी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में आयुक्त मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की आबकारी नीति के तहत राजस्व संग्रह, बंदोबस्त, बकाया वसूली और निरोधात्मक कार्रवाई जैसे सभी लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने जिलेवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आबकारी राजस्व, मदिरा उठाव, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई, बकाया वसूली, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरण, जब्त वाहनों की नीलामी और मालखाना निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

1 से 15 मई तक विशेष अभियान

बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रदेशभर में अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और विक्रय पर रोक लगाने के लिए 1 से 15 मई तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आबकारी निरोधक दलों को सख्त और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में अपेक्षित स्तर की कार्रवाई नहीं होगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (पॉलिसी) प्रदीप सिंह सांगावत ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न जिलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (प्रशासन) अनिल कुमार शर्मा, वित्तीय सलाहकार सुनीता विजय, उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुंडावत सहित प्रदेशभर के वरिष्ठ अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी और निरीक्षक मौजूद रहे।

# राजस्थान विद्यापीठ में अकादमिक सुधारों को रफ्तारः नई शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रमों को मंजूरी, शोध और नामांकन बढ़ाने पर जोर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अप्रैल। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय सभागार में रिसर्च बोर्ड एवं एकेडमिक काउंसिल की संयुक्त बैठक कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश और शोध आधारित नवीन पाठ्यक्रमों को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक और शोध प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इस दौरान कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्रो. प्रतापसिंह चौहान और प्रो. योगानंद शास्त्री भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल पाठ्यक्रम बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान परंपरा, नवाचार, कौशल और आत्मनिर्भरता पर आधारित समग्र शिक्षा दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि विद्यापीठ शिक्षा को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और वैश्विक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। बैठक में विभिन्न संकायों के पाठ्यक्रमों के पुनर्संरचना, बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित शिक्षण, शोधोन्मुखी अध्ययन और रोजगारपरक कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा—जैसे आयुर्वेद, योग, दर्शन, पर्यावरण चेतना और लोक विज्ञान—को शिक्षा के मुख्य प्रवाह में शामिल करने पर सहमति बनी।

### नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य

कुलपति ने बताया कि उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) को वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप विद्यापीठ भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2012 में जहां विश्वविद्यालय में करीब 2200 विद्यार्थी थे, वहीं वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 11 हजार तक पहुंच चुकी है। वर्ष 2035 तक इसे 25 हजार तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### शोध और नवाचार पर विशेष फोकस

बैठक में अंतर्विषयी शोध को बढ़ावा देने, शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता सुधारने, पेटेंट और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा समाजोपयोगी अनुसंधान को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, प्रो. जी.एम. मेहता, प्रो. मलय पानेरी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. पारस जैन सहित विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष और अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम और डिजिटल लर्निंग जैसे प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू कर विद्यापीठ को आधुनिक, लचीला और शोध-आधारित शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को उदयपुर में

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अप्रैल। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को उदयपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे विशेष विमान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा नया चेण्डा रोहट पाली के लिए प्रस्थान करेंगे। नया चेण्डा में विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर मुख्यमंत्री श्री शर्मा हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.55 बजे पुनः डबोक एयरपोर्ट आएंगे। यहां से सड़क मार्ग द्वारा डबोक पुलिस थाना के समीप स्थित वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के निवास पर पहुंचेंगे। विधायक के पिता के निधन पर आयोजित शोक सभा में भाग लेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 2.25 बजे पुनः डबोक एयरपोर्ट आकर विशेष विमान से अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।